परीक्षा पुस्तिका संख्या :

# विषय : हिन्दी

परीक्षा पुस्तिका संकेत

**A**

200973

*इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को भी ध्यान से पढ़ें ।*

समय : **2.5** घण्टे

अधिकतम अंक : **100**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. **उत्तर-पत्र इस पुस्तिका के अंदर है ।** जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए तब उत्तर-पत्र को बाहर निकालें तथा साइड-1 व साइड-2 पर सभी प्रविष्टियाँ सावधानी से **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से भरें** ।
2. कृपया जाँच लें कि प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** हैं तथा **100** प्रश्न हैं ।
3. प्रविष्टियाँ भरने के लिए तथा **उत्तर-पत्र पर अपने उत्तर निर्दिष्ट करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पाइंट पेन का प्रयोग करें ।**
4. परीक्षा की समाप्ति पर **परीक्षार्थी उत्तर-पत्र को परीक्षा कक्ष में निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । परीक्षार्थियों को परीक्षा पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है ।**
5. परीक्षार्थी यह सुनिश्चित करें कि उत्तर-पत्र मुड़े नहीं । उत्तर-पत्र पर किसी प्रकार का अवांछित चिह्न अंकित न करें ।
6. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **एक** अंक निर्धारित है ।
7. पूरा प्रश्न-पत्र **दो** खंडों में बँटा है, खंड-'क' और 'ख' ।

### खंड 'क'

- खंड 'क' कुल 50 अंकों का है । इसमें छः प्रश्न हैं जिनके लिए क्रमशः 15, 10, 05, 10, 05 और 05 अंक निर्धारित हैं ।
- खंड 'क' में पहला प्रश्न रिक्त स्थानों को भरने के लिए है । इसमें पंद्रह प्रश्न हैं । इनके उत्तरों के लिए विकल्पों में चार-चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से रिक्त स्थान भरने के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करना है ।
- दूसरा प्रश्न कहानी रूप में लिखा गया है । इसमें 10 प्रश्न हैं, और इसमें भी दिए गए उत्तरों में से सही उत्तर वाले विकल्पों का चयन करना है ।
- तीसरा प्रश्न अपठित गद्यांश से संबद्ध है तथा इसमें भी **एक-एक** अंक वाले कुल पाँच प्रश्न हैं । इसके उत्तरों में से भी सही विकल्पों का चयन करना है ।
- चौथा प्रश्न अपठित काव्यांश से संबद्ध है तथा इसमें एक-एक अंक वाले कुल दस प्रश्न हैं । इसके उत्तरों में से भी सही विकल्प का चयन करना है ।
- पाँचवें प्रश्न के लिए 05 अंक निर्धारित हैं । दिए गए उत्तरों में से उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों का चयन करना है ।
- छठे प्रश्न के लिए भी 05 अंक निर्धारित हैं । दिए गए उत्तरों में से उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों का चयन करना है ।

### खंड 'ख'

- खंड 'ख' भी 50 अंकों का है । इसमें भाषिक दक्षता के परीक्षण हेतु व्यावहारिक व्याकरण के 50 प्रश्न दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न **एक-एक** अंक का है तथा प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर वाले विकल्पों का चयन करना है ।

अपने उत्तरों एवं अनुक्रमांक के अतिरिक्त उत्तर-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें ।

*अनुक्रमांक :* नीचे दिए गए उदाहरण में आपको अनुक्रमांक लिखने की सही विधि समझाई गई है ।

**उदाहरण :** मान लीजिए कि आपका अनुक्रमांक **2093184** है । उत्तर-पत्र में शीर्ष पर दी गई ग्रिड में इसे लिखिए । इसके बाद प्रत्येक अंक के लिए, दर्शाए अनुसार, तदनुरूपी कॉलम में दिए गए उपयुक्त गोलों को भरिए ।

| 2 | 0 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | ● | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 | 1 | ● | 1 | 1 |
| ● | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | ● | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | ● |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | ● | 8 |
| 9 | 9 | ● | 9 | 9 | 9 | 9 |

परीक्षार्थी का नाम (स्पष्ट शब्दों में) : ____________________

अनुक्रमांक (अंकों में) [ | | | | | | | | ]

(शब्दों में) : ____________________

परीक्षा केन्द्र संख्या [ | | | | | | ]

परीक्षा केन्द्र (स्पष्ट अक्षरों में) : ____________________

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर ____________________ निरीक्षक के हस्ताक्षर ____________________

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।

SEAL

## खंड 'क'

**I.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए, इसमें पंद्रह स्थानों को रिक्त रखा गया है जिन्हें 1, 2, 3 आदि अंकों से चिह्नित किया गया है । रिक्त स्थानों को भरने के लिए इसके नीचे 1, 2, 3 आदि क्रम से चार-चार विकल्प दिए गए हैं । उनमें से सबसे अधिक उपयुक्त विकल्प को चुनिए । *1×15=15*

आज गांधी जी के आदर्श पर लिखे गए साहित्य की भरमार है (1) _______ किसी को उनके आदर्श की गूँज (2) __________ हो तो वह सेवाग्राम आश्रम-स्थित गांधी जी की कुटी में सुन सकता है । जो उनके जीवन-दर्शन को समझना चाहते हैं, उनके लिए भी यह कुटिया मददगार हो सकती है । देश में गांधी जी के कई अन्य आश्रम भी उनकी याद दिलाते हैं लेकिन सेवाग्राम आश्रम सबसे अलग है । यह कुटिया आज भी उसी रूप में (3) __________ है जैसे गांधी जी के (4) __________ थी ।

विश्वविख्यात चिंतक इवान इलिच जब इस आश्रम में कुछ दशक पहले आए तो वे गांधी जी की कुटिया से (5) __________ हुए बिना नहीं रह सके । उनका कहना था कि मैं इस कुटिया के जरिए गांधी जी की (6) __________ को समझने का जितना प्रयास करता गया, उतना ही उनकी सादगी, सफ़ाई और सौंदर्यवृत्ति का स्पष्ट (7) __________ होता गया । गांधी जी की कुटिया का संदेश है — सबके साथ प्यार और बराबरी का सम्बन्ध कायम करना । मैं पूरी तरह से निश्चिंत हूँ कि जिन लोगों को गांधी जी की इस कुटिया का (8) __________ समझ में नहीं आता और जो रहने के लिए बड़ी-बड़ी जगहों और आलीशान मकान की (9) __________ रखते हैं, उनके मस्तिष्क, शरीर और जीवन-पद्धति में दिवालियापन (10) __________ हुआ है । मुझे उन पर (11) __________ आती है जो अपने सचेतन भाव को अचेतन भवनों को सौंप देते हैं । ऐसे लोग लचीलापन और ज़िंदगी की ज़िंदादिली दोनों (12) __________ हैं । गांधी जी की यह कुटिया उस (13) __________ का प्रतीक है, जो मनुष्य को सामान्य जन के साथ एक स्तर पर रहने से प्राप्त होता है, जहाँ स्वावलंबन-मंत्र की साधना होती है और यह (14) __________ बनती है कि बेकार की वस्तुओं को अपने घर में जमा कर मनुष्य अपने वातावरण से आनंद प्राप्त करने की (15) __________ खो बैठता है ।

**1.** (क) लेकिन (ख) यद्यपि
(ग) तथापि (घ) शायद

**2.** (क) सुननी (ख) देखनी
(ग) कहनी (घ) पढ़नी

3. (क) वर्तमान (ख) उपस्थित
(ग) विद्यमान (घ) स्पष्ट

4. (क) काल (ख) महीनों
(ग) वर्षों (घ) समय

5. (क) प्रभावित (ख) चकित
(ग) प्रकाशित (घ) स्तब्ध

6. (क) दृष्टि (ख) आँख
(ग) नेत्र (घ) नज़र

7. (क) दर्शन (ख) संयोग
(ग) नज़ारा (घ) व्यवहार

8. (क) प्रयोजन (ख) आशय
(ग) सार (घ) महत्त्व

9. (क) लिप्सा (ख) चाह
(ग) पसंद (घ) पूँजी

10. (क) छाया (ख) आया
(ग) बसाया (घ) भाया

11. (क) दया (ख) कृपा
(ग) लज्जा (घ) श्रद्धा

12. (क) धो बैठते (ख) खो बैठते
(ग) कर बैठते (घ) सो बैठते

13. (क) आनंद (ख) हर्ष
(ग) स्वाद (घ) उल्लास

14. (क) क्षमता (ख) धारणा
(ग) दशा (घ) स्थिति

15. (क) योग्यता (ख) दक्षता
(ग) कुशलता (घ) क्षमता

**II.** निम्नलिखित कहानी को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : *1×10=10*

एक बार फिर दुष्ट शेर जंगल का राजा चुना गया । जब भी वह शिकार को निकलता बहुत सारे जानवरों को मार डालता । जानवरों ने मंत्रणा की । सब मिलकर शेर के पास गए और प्रार्थना की, 'महाराज ! हममें से रोज़ एक जानवर आपके भोजन के लिए आ जाया करेगा । आप शिकार करना बंद कर अपनी प्रजा पर दया करें ।' चालाक शेर काफ़ी नख़रे के बाद राजी हो गया । रोज़ जानवर बारी-बारी से जाने लगे । एक दिन ख़रगोश की बारी आई । ख़रगोश निश्चिंत था । उसे शेर को मारने की तरक़ीब पता थी । वह भी शेर के पास देर से पहुँचा । शेर आगबबूला हो गया । ख़रगोश पुरानी कथा की ही भाँति शेर को साथ लेकर कुएँ की तरफ़ चल दिया ।

कुएँ के स्थान पर पहुँच कर ख़रगोश के होश उड़ गए । वहाँ कुआँ था ही नहीं । शेर ने पूछा – 'कहाँ है दूसरा शेर ?' ख़रगोश चुप ।

शेर ने कुटिल मुसकान बिखेरते हुए कहा, "कुआँ ढूँढ़ रहे हो ________ ! मैं पुरानी कहानी वाले शेर की तरह मूर्ख नहीं, मैंने इतिहास से सबक़ लिया है । एक कुशल नेता की तरह मैंने विकास के नाम पर कुआँ पाट दिया, वहाँ यह टोंटी वाला नल लगवा दिया । इसी विकास के नाम पर मिले वोट से मैं जीता और तुम्हारा नेता बना । अब सारे जानवर इसी नल से पानी पीते हैं, और इसके बदले में मैं उनसे पानी की क़ीमत वसूलता हूँ ।" यह कहकर उसने अपना पंजा ख़रगोश की ओर बढ़ा दिया ।

**16.** 'पुरानी कहानी' से तात्पर्य है

(क) शेर के पराक्रम की कहानी

(ख) ख़रगोश की दौड़ की कहानी

(ग) बूढ़े शेर की कहानी

(घ) चालाक ख़रगोश की कहानी

**17.** जंगल के राजा शेर को दुष्ट क्यों कहा गया है ?

(क) दुष्टतापूर्ण व्यवहार करने के कारण

(ख) जानवरों का शिकार करने के कारण

(ग) जानवरों को मारने के कारण

(घ) बहुत ख़तरनाक होने के कारण

**18.** जानवरों ने शेर से क्या प्रार्थना की ?

(क) अपनी प्रजा का ध्यान करें

(ख) शिकार करना बंद करें

(ग) जंगल में घूमना बंद करें

(घ) रोज़ एक जानवर खाया करें

**19.** ख़रगोश निश्चिंत क्यों था ?

(क) वह मरने से नहीं डरता था

(ख) उसे अपनी बुद्धि पर भरोसा था

(ग) वह शेर को कमज़ोर मानता था

(घ) उसे बचने की युक्ति पता थी

**20.** शेर ने इतिहास से क्या सबक लिया है ?

(क) पुरानी गलतियाँ न दुहराएँ

(ख) युद्ध करते हुए आगे बढ़ें

(ग) दुश्मन से न घबराएँ

(घ) किसी पर भरोसा न करें

**21.** 'शेर आगबबूला हो गया' — का अर्थ है

(क) शेर को ख़रगोश का देर से आना पसंद नहीं आया

(ख) शेर को बहुत ग़ुस्सा आ गया

(ग) शेर आग के गोले के समान हो गया

(घ) शेर का चेहरा लाल हो गया

**22.** ख़रगोश के होश क्यों उड़ गए ?

(क) डर के कारण

(ख) पकड़े जाने के कारण

(ग) शेर की चालाकी के कारण

(घ) चाल व्यर्थ होने के कारण

**23.** शेर ने अपनी तुलना किससे की ?

(क) कुशल राजनेता से

(ख) पुराने राजा से

(ग) अपनी कुटिलता से

(घ) ख़रगोश की सादगी से

**24.** 'कुटिल मुसकान' में 'कुटिल' का अर्थ है

(क) टेढ़ी

(ख) व्यंग्य-भरी

(ग) कठोर

(घ) हँसी उड़ाने वाली

**25.** शेर ने अपना पंजा ख़रगोश की ओर क्यों बढ़ाया ?

(क) मैत्री के लिए

(ख) सहयोग के लिए

(ग) दबोचने के लिए

(घ) खींचने के लिए

**III.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनिए : *1×5=5*

भारत में एक ओर तो विचारों और सिद्धांतों में हमने अधिक उदार और सहिष्णु होने का दावा किया, दूसरी ओर हमारे सामाजिक आचरण अत्यंत संकीर्ण होते गए । सिद्धांत और आचरण का यह विरोध आज तक हमारे साथ है और आज भी हम उनके विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं । जिन दिनों जीवन अपेक्षाकृत गतिहीन था, उन दिनों सिद्धांत और आचरण का यह विरोध उतना उग्र नहीं दिखाई देता था । लेकिन ज्यों-ज्यों राजनैतिक और आर्थिक परिवर्तनों की रफ़्तार तेज़ होती गई, इस विरोध की उग्रता अधिक-से-अधिक प्रत्यक्ष होती आई है । जैसे हम बड़ी-बड़ी राजनैतिक और आर्थिक समस्याओं का मुक़ाबला कर रहे हैं, वैसे ही हमें भारत के इस नैतिक संकट का भी सामना करना चाहिए । भारत में औद्योगिक क्रांति बड़ी तेज़ी से आ रही है और हम नाना रूपों में बदलते जा रहे हैं । राजनैतिक और आर्थिक परिवर्तनों का यह अनिवार्य परिणाम है कि उनसे सामाजिक परिवर्तन उत्पन्न होते हैं, अन्यथा समन्वय न तो हमारे वैयक्तिक जीवन में रह सकता है, न राष्ट्रीय जीवन में । ऐसा नहीं हो सकता कि राजनैतिक परिवर्तन और औद्योगिक प्रगति तो हो, किन्तु हम यह मान कर बैठे रह जाएँ कि सामाजिक क्षेत्र में हमें कोई परिवर्तन लाने की आवश्यकता नहीं है ।

**26.** 'आज भी हम उसके विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं ।' 'उसके' से तात्पर्य है

(क) शत्रु राष्ट्र के आक्रमण से

(ख) देश और देशभक्ति से

(ग) समाज और व्यक्ति के सम्बन्ध से

(घ) सिद्धांत और आचरण के अंतर्विरोध से

**27.** गद्यांश में 'उग्र' शब्द से आशय है

(क) क्रोधी

(ख) तीव्र

(ग) स्पष्ट

(घ) बड़ा

**28.** राजनैतिक-आर्थिक परिवर्तनों का परिणाम है

(क) सांस्कृतिक परिवर्तन

(ख) औद्योगिक परिवर्तन

(ग) सामाजिक परिवर्तन

(घ) वैयक्तिक परिवर्तन

**29.** सिद्धांत और आचरण का विरोध कब उग्र नहीं होता ?

(क) जब सामाजिक परिवर्तन भी उग्र हो

(ख) जब समाज बिल्कुल गतिहीन हो

(ग) जब जीवन की गति आज की अपेक्षा कम हो

(घ) जब औद्योगिक क्रांति आ रही हो

**30.** 'औद्योगिक' शब्द बना है

(क) उत् + योग + इक

(ख) औद् + योग + इक

(ग) औ + द्यौग + इक

(घ) उद् + यौग + इक

**IV.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उस पर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनिए : *1×10=10*

कुछ भी नहीं बना पाया है आदमी
प्रकृति के वृक्ष से ज्यादा सुंदर
चिड़िया से ज्यादा संतुलित
और संगीतमय
फिर भी कितना गाना गाया है
इसने अपनी सृजन-शक्ति का !
हिमालय को ढक लेने वाली बरफ
सारी धरती को सींच देने वाले बादल
आसमान पर बहने वाली हवा
इन सबसे बढ़कर प्रेम एक चीज़ है
उसके पास
किन्तु उसने इसकी जगह
रख लिए हैं
क्रोध और विरोध और अभिमान
इन्हीं का उपयोग करता है वह
आपस में और प्रकृति के साथ ।
वृक्षों को काटता है
चिड़ियों को खाता है
हिमालय को मानता मात्र चढ़ने-उतरने
झंडा गाड़ने लायक़ कोई चीज़
पानी को, हवा को
दूषित करना उसका
उद्योग है
स्नेह-गीतों से नहीं, विस्फोटों से वातावरण को
दूषित करना
उसका शौक़ है ।

**31.** आदमी अपनी संरचना को मानता है

(क) सुंदर और संतुलित

(ख) उपयोगी एवं व्यावहारिक

(ग) प्रभावी और प्रशंसनीय

(घ) सुखद एवं सराहनीय

**32.** आदमी में प्रेम भाव के स्थान पर विराजमान हैं

(क) अशांति, असंतोष और लोभ

(ख) रोष, विरोध और घमंड

(ग) घृणा, अविश्वास और विश्वासघात

(घ) आडम्बर, अभिमान और मनमुटाव

**33.** मानव 'उक्त दुर्गुणों' का उपयोग कर रहा है

(क) मनमुटाव पैदा करने में

(ख) अपने आपको हर तरह समर्थ समझने में

(ग) पर्यावरण का विनाश करने में

(घ) दूसरों की संपदा को हड़पने में

**34.** हिमालय को 'केवल चढ़ने-उतरने झंडा गाड़ने लायक़' इसलिए कहा गया है, क्योंकि आदमी

(क) उसके प्रति आंतरिक लगाव नहीं रखता है

(ख) मात्र स्वार्थ पूर्ति के लिए उसका उपयोग करता है

(ग) उसके प्रति दिखावटी सम्मान रखता है

(घ) प्रकृति की अवमानना करता है

**35.** 'पानी और हवा को दूषित करना उसके उद्योग हैं' पंक्ति में 'उद्योग' का आशय है

(क) कार्य

(ख) उद्देश्य

(ग) व्यवसाय

(घ) कर्तव्य

**36.** 'विस्फोटों से वातावरण को दूषित करने' का अभिप्राय है

(क) वातावरण को प्रदूषित करना

(ख) अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग करना

(ग) सामाजिक शांति को भंग करना

(घ) वन्य जीव-जंतुओं का शिकार करना

**37.** 'संतुलित' शब्द सूचक है चिड़िया की

(क) दूरी के प्रति सचेतता का

(ख) उड़ने के क्षणों में सजगता का

(ग) मौसम से अप्रभावित रहने का

(घ) ऊँचाई-निचाई के प्रति सावधानी का

**38.** 'कितना गाना गाया है अपनी सृजन शक्ति का' पंक्ति में रेखांकित का तात्पर्य है

(क) प्रसन्न होना

(ख) बहुत प्रिय होना

(ग) अभिमान करना

(घ) डींगें हाँकना

**39.** 'हिमालय को मानता मात्र चढ़ने-उतरने झंडा गाड़ने लायक़ कोई चीज़' में अलंकार है

(क) यमक

(ख) श्लेष

(ग) उपमा

(घ) अनुप्रास

**40.** कविता का मुख्य स्वर है

(क) प्रेम एवं स्नेह का भाव सर्वोपरि है

(ख) दुर्गुण मानवता के विनाशक होते हैं

(ग) असद्‌गुण वातावरण के दूषण के भी कारण होते हैं

(घ) आदमी सृजन-शक्ति का अमित भंडार है

**V.** हिन्दी के सामान्य ज्ञान-सम्बन्धी निम्नलिखित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए : *1×5=5*

**41.** 'रामायण' किसकी रचना है ?

(क) तुलसीदास की

(ख) वेद व्यास की

(ग) वाल्मीकि की

(घ) कबीरदास की

**42.** प्रेमचंद की रचना ***नहीं*** है

(क) रंगभूमि

(ख) निर्मला

(ग) गोदान

(घ) त्यागपत्र

**43.** सुमित्रानंदन पंत हैं

(क) उपन्यासकार

(ख) कथाकार

(ग) नाटककार

(घ) कवि

**44.** आधुनिक युग के हिन्दी के प्रसिद्ध व्यंग्यकार हैं

(क) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ख) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ग) रघुवीर सहाय

(घ) हरिशंकर परसाई

**45.** जो व्यक्ति समाचार-पत्र को समाचार भेजता है, उसे कहा जाता है

(क) समाचारदाता

(ख) समाचार-प्रेषक

(ग) संवाददाता

(घ) संपादक

**VI.** निम्नलिखित संवादात्मक प्रसंगों को पढ़िए और प्रत्येक प्रश्न के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए : *1×5=5*

**46.** वकील — एक महिला गवाह से : तुम तो कहती थी कि मैं पढ़ी-लिखी नहीं हूँ, लेकिन तुमने मेरे सवालों के जवाब बड़ी अक़्लमंदी से दिए हैं ।

महिला — ऊल-जलूल और बेवकूफ़ी भरे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए पढ़ना-लिखना ज़रूरी नहीं है साहब !

प्रश्न : उक्त संवादों से स्पष्ट होता है कि महिला

(क) अनपढ़ थी

(ख) पढ़ी-लिखी थी

(ग) अक़्लमंद थी

(घ) चालाक थी

**47.** बहुत दिनों तक टिके एक मेहमान ने जाते समय कहा — सत्कार के लिए धन्यवाद !
दाने-दाने पर खाने वाले का नाम लिखा होता है ।
मेज़बान ने कहा — पर भाई, आपका नाम तो बोरे पर लिखा था ।
प्रश्न : संवादों का संदेश है कि

(क) मेहमान का सत्कार करना मेज़बान का फ़र्ज़ था

(ख) मेहमान सभ्य था और शिष्टाचार जानता था

(ग) मेहमान को धन्यवाद कहने की आदत थी

(घ) मेहमान बहुत अधिक भोजन करता था

48. पत्नी — अच्छा, तुम ये बताओ कि क़ैद से बड़ी सज़ा और क्या होती है ?

पति — वही, जो काट रहा हूँ ।

प्रश्न : संवादों का आशय है

(क) पति जेल में था

(ख) बहुत ग़रीब था

(ग) पत्नी से दुखी था

(घ) उसका व्यवसाय ठीक नहीं चल रहा था

49. आगंतुक — आपके बेहतरीन इलाज से मुझे बहुत लाभ हुआ है डॉक्टर साहब !

डॉक्टर — लेकिन मैंने तो आपका इलाज कभी नहीं किया !

आगंतुक — जी हाँ ! मेरा नहीं, चाचाजी का किया था; अब उनकी संपत्ति का वारिस मैं हूँ ।

प्रश्न : संवाद का निष्कर्ष है कि

(क) डॉक्टर ने इलाज सही नहीं किया था

(ख) डॉक्टर योग्य नहीं था

(ग) डॉक्टर ने दवाई नहीं दी थी

(घ) डॉक्टर ने पैसे ज़्यादा ले लिए थे

50. कलाकार — आप बड़ी देर से इस पेंटिंग को देख रहे हैं । क्या आपको मेरी पेंटिंग पसंद आई ?

दर्शक — आगे कहीं खड़े होने की जगह नहीं है ।

प्रश्न : दर्शक का आशय था

(क) सभी पेंटिंग अच्छी हैं

(ख) वह पेंटिंग सबसे अच्छी है

(ग) वह पेंटिंग अच्छी नहीं है

(घ) वह पेंटिंग को ख़रीदना चाहता है

## खंड 'ख'

### व्यावहारिक व्याकरण

*1×50=50*

**51.** वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द मानक है ?

(क) श्रीयुत्  (ख) श्रीयुत

(ग) श्रीयुत  (घ) श्रीयुत

**52.** 'राजा दशरथ के जेष्ट पुत्र का नाम श्रीराम है ।' वाक्य में प्रयुक्त अशुद्ध शब्द का शुद्ध रूप है

(क) जेठ  (ख) ज्येष्ट

(ग) ज्येष्ठ  (घ) जयेष्ट

**53.** 'अंक' शब्द में प्रयुक्त पंचमाक्षर है

(क) न्  (ख) ण्

(ग) ञ्  (घ) ङ्

**54.** 'नहीं' में प्रयुक्त बिन्दु है

(क) अनुनासिक  (ख) अनुस्वार

(ग) नुक्ता  (घ) पंचमाक्षर

**55.** 'श, ष, स, ह' व्यंजन कहलाते हैं

(क) अन्तःस्थ  (ख) ऊष्म

(ग) संयुक्त  (घ) अल्पप्राण

**56.** 'जिसकी उपमा न दी जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(क) निरुपमा  (ख) अनुपमी

(ग) अनुपम  (घ) निरुपमीय

**57.** कौन-सा शब्द अर्थ की दृष्टि से शेष से भिन्न है ?

(क) रजनी  (ख) भारती

(ग) यामिनी  (घ) निशा

**58.** निम्नलिखित में 'देशज' शब्द है :

(क) ख़ामोश (ख) खिचड़ी

(ग) ख़िदमत (घ) ख़ुराक

**59.** 'पुष्प' शब्द का पर्याय ***नहीं*** है

(क) पुष्कर (ख) प्रसून

(ग) सुमन (घ) कुसुम

**60.** 'आग्रह' शब्द का विलोम है

(क) विग्रह (ख) अनुग्रह

(ग) अनाग्रह (घ) साग्रह

**61.** कौन-सा शब्द समानार्थी ***नहीं*** है ?

(क) मनीषी (ख) मानसी

(ग) प्राज्ञ (घ) विद्वान्

**62.** 'तुलसीदास' समस्त पद में समास का भेद है

(क) अव्ययीभाव (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) तत्पुरुष

**63.** द्वंद्व समास का उदाहरण है

(क) स्नेहमग्न (ख) धर्मभ्रष्ट

(ग) माता-पिता (घ) राजपुत्र

**64.** दीर्घ संधि का उदाहरण है

(क) परम + ओजस्वी = परमौजस्वी

(ख) महा + उदय = महोदय

(ग) गिरि + ईश = गिरीश

(घ) यदि + अपि = यद्यपि

**65.** 'कृत्रिम' शब्द का वर्ण विच्छेद है

(क) क् + र् + इ + त् + र् + ई + म् + अ

(ख) क् + ऋ + त्र् + इ + म् + अ

(ग) क् + र् + ऋ + त् + र् + इ + म् + अ

(घ) क् + ऋ + त् + र् + इ + म् + अ

**66.** 'अत्यंत' शब्द में उपसर्ग है

(क) अत
(ख) अति
(ग) अत्
(घ) अत्य

**67.** कौन-सा शब्द 'अक' प्रत्यय से बना है ?

(क) आवश्यक
(ख) शिक्षक
(ग) रक्षक
(घ) ठंडक

**68.** 'बेपरवाही' शब्द में प्रत्यय है

(क) ही
(ख) ई
(ग) आही
(घ) वाही

**69.** 'वीर' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगाकर भाववाचक संज्ञा बनाई जा सकती है ?

(क) ऊ
(ख) पन
(ग) ता
(घ) शाली

**70.** निम्नलिखित वाक्यों में कर्मवाच्य का उदाहरण है :

(क) सुधा नहीं पढ़ती ।

(ख) हमें गणित पढ़ाया गया ।

(ग) मैं चल नहीं सकता ।

(घ) मुझसे चला नहीं जाता ।

**71.** 'हमसे इतना कष्ट नहीं सहा जाता' वाक्य है

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) कर्तावाच्य

**72.** 'स्त्री' का कौन-सा बहुवचन रूप अशुद्ध है ?

(क) स्त्रियाँ (ख) स्त्रिएँ

(ग) स्त्रियों (ने) (घ) स्त्रीजन (का)

**73.** 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(क) कवित्री (ख) कवयित्री

(ग) कवियीत्री (घ) कवियत्री

**74.** 'छत की मुंडेर पर चिड़िया बैठी है' वाक्य में 'पर' परसर्ग किस कारक का चिह्न है ?

(क) संबंध कारक (ख) अधिकरण कारक

(ग) अपादान कारक (घ) संप्रदान कारक

**75.** किस वाक्य में 'से' करण कारक का चिह्न है ?

(क) मैं सर्प से डरता हूँ ।

(ख) गंगा नदी हिमालय से निकलती है ।

(ग) मितार्थ संजय से सुंदर है ।

(घ) उसने चाकू से आम काटा ।

**76.** 'वह जा रहा है ।' वाक्य का भूतकाल में रूपांतरण होगा

(क) वह गया ।

(ख) वह जाता था ।

(ग) वह जा रहा था ।

(घ) वह जाने वाला था ।

**77.** 'आज आनंद जा रहा है' – वाक्य में रेखांकित क्रिया है

(क) अकर्मक

(ख) सकर्मक

(ग) प्रेरणार्थक

(घ) रंजक

**78.** 'पैदल चलने से जूते घिस गए ।' – वाक्य में रेखांकित क्रिया है

(क) मुख्य क्रिया

(ख) सहायक क्रिया

(ग) संयुक्त क्रिया

(घ) प्रेरणार्थक क्रिया

**79.** 'राजेन्द्र सिंह एक कर्मठ समाजसेवी हैं ।' – वाक्य में रेखांकित पद है

(क) क्रिया-विशेषण

(ख) विशेषण

(ग) प्रक्रिया-विशेषण

(घ) रीतिवाचक विशेषण

**80.** 'किरण राव एक सफल फ़िल्म निर्देशिका है ।' – वाक्य में रेखांकित विशेषण है

(क) गुणवाचक

(ख) परिमाणवाचक

(ग) सार्वनामिक

(घ) संख्यावाचक

**81.** तुम कहाँ चले गए थे ? – रेखांकित क्रिया-विशेषण का भेद है

(क) स्थानवाचक

(ख) कालवाचक

(ग) परिमाणवाचक

(घ) रीतिवाचक

**82.** संज्ञा का भेद ***नहीं*** है

(क) जातिवाचक

(ख) गुणवाचक

(ग) भक्तिवाचक

(घ) भाववाचक

**83.** संध्या समय सूरज की लालिमा बढ़ जाती है – रेखांकित पद है

(क) भाववाचक संज्ञा

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ग) जातिवाचक संज्ञा

(घ) समूहवाचक संज्ञा

**84.** कारक का भेद ***नहीं*** है

(क) कर्ता

(ख) कर्म

(ग) क्रिया

(घ) करण

**85.** 'अपादान' का उदाहरण है

(क) राम कलम से लिखता है ।

(ख) मैं अपने हाथ से खाता हूँ ।

(ग) उसने आलमारी से पुस्तक निकाली ।

(घ) आँख से देखता हूँ ।

**86.** जिन वाक्यों में एक मुख्य क्रिया हो उन्हें __________ कहते हैं ।

(क) संयुक्त वाक्य

(ख) मिश्र वाक्य

(ग) सरल वाक्य

(घ) आज्ञार्थक वाक्य

**87.** 'मैं आजकल देश की स्थिति के बारे में सोचता हूँ ।' – रचना की दृष्टि से वाक्य है

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) संदेहार्थक वाक्य

**88.** 'जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं, वे सदा सुखी रहते हैं ।' – रचना के आधार पर वाक्य है

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) आदर्श वाक्य

**89.** 'क्या तुम सच्चे देशभक्त हो ?' – अर्थ की दृष्टि से वाक्य है

(क) कथनात्मक

(ख) प्रश्नात्मक

(ग) संकेतार्थक

(घ) आज्ञार्थक

**90.** रचना के आधार पर वाक्य के __________ भेद होते हैं ।

(क) तीन

(ख) चार

(ग) पाँच

(घ) आठ

**91.** यौगिक का उदाहरण है

(क) रसोईघर

(ख) पानी

(ग) जलज

(घ) जल

**92.** मोहन ने कहा कि '<u>उसे नौकरी नहीं मिली</u>' – रेखांकित उपवाक्य है

(क) संज्ञा उपवाक्य

(ख) विशेषण उपवाक्य

(ग) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**93.** एक ही शब्द का बार-बार प्रयोग हो और अर्थ में भी भिन्नता हो तो अलंकार होगा

(क) रूपक

(ख) उपमा

(ग) यमक

(घ) श्लेष

**94.** 'रघुपति राघव राजा राम, पतितपावन सीताराम' – में प्रयुक्त अलंकार है

(क) अनुप्रास

(ख) उत्प्रेक्षा

(ग) यमक

(घ) उपमा

**95.** 'काली घटा का घमंड घटा' – में निहित अलंकार है

(क) यमक एवं अनुप्रास

(ख) रूपक एवं उपमा

(ग) उपमा एवं उत्प्रेक्षा

(घ) मानवीकरण एवं रूपक

**96.** कॉलेज में जाते ही विद्यार्थियों को ________ ।

(क) हवा से बातें करने की आदत पड़ जाती है

(ख) ज़माने की हवा लग जाती है

(ग) हवाई क़िले बनाने पड़ते हैं

(घ) हवा का रुख़ मोड़ने की ताक़त आ जाती है

**97.** परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थी ________ ।

(क) घोड़े बेचकर सोते हैं

(ख) चादर के बाहर पाँव पसारते हैं

(ग) चादर ओढ़कर सोते हैं

(घ) लंबे पाँव पसारते हैं

**98.** 'दाल न गलना' मुहावरे का अर्थ है

(क) काम बिगड़ना

(ख) कोई उपाय काम न आना

(ग) दाल ख़राब होना

(घ) सफल न होना

**99.** हिन्दी हमारी __________ है ।

(क) भाषा

(ख) राष्ट्रभाषा

(ग) लोकभाषा

(घ) बोली

**100.** मैथिलीशरण गुप्त __________ भाषा के कवि थे ।

(क) खड़ी बोली

(ख) हिन्दी

(ग) पहाड़ी

(घ) ब्रज

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

**1. उत्तर-पुस्तिका पर उत्तर देने के लिए निर्देश :**

उत्तर-पुस्तिका को भरने के लिए नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें । बहुविकल्पी प्रश्नों का उत्तर देने का तरीका निम्नानुसार है :

**उदाहरण :**

**5.** निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को छाँटिए :

(क) उज्जवल

(ख) कवियत्री

(ग) अतिथि

(घ) विक्रति

**उत्तर :** प्रश्न 5 का सही उत्तर 'अतिथि' है, जो कि विकल्प (ग) में दर्शाया गया है । अतः उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या 5 के सामने वाले दिए विकल्पों में (ग) के गोले को पूर्ण काला करके निर्दिष्ट करें ।

| **5.** | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| | ○ | ○ | ● | ○ |

**2.** उत्तर-पत्र न तो मोड़ें एवं न ही उस पर कोई अन्य निशान लगाएँ ।

**3.** उत्तर-पुस्तिका/उत्तर-पत्र पर निर्धारित स्थान के अलावा परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अन्य कहीं न लिखें ।

**4.** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए कुल अंकों में से **एक-चौथाई (1/4)** अंक कुल योग में से काट लिए जाएँगे । यदि उत्तर-पत्र में किसी प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया गया है, तो कोई अंक नहीं काटा जाएगा ।

**5.** परीक्षा-पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा-पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के संकेत में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर), दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाएगी ।

**6.** पूछे जाने पर परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र अवश्य दिखाएँ ।

**7.** अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़े ।

**8.** इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक एवं मोबाइल फोन, पेजर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग वर्जित है ।

**9.** परीक्षा हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित होंगे । अनुचित साधन प्रयोग के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।

**10.** किसी भी स्थिति में परीक्षा पुस्तिका तथा उत्तर-पत्र का कोई भी भाग अलग नहीं किया जाएगा ।

**11.** परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के अलावा किसी भी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने की अनुमति नहीं है ।

SEAL